# PAPER-I

Signature and Name of Invigilator

1. (Signature) ____________________________
   (Name) ____________________________
2. (Signature) ____________________________
   (Name) ____________________________

OMR Sheet No. : ..........................................
(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |
(In figures as per admission card)

Roll No.____________________________________
(In words)

**D 0 0 1 0**

Time : 1 $^1/_4$ hours] **Test Booklet Code W** [Maximum Marks : **100**

Number of Pages in this Booklet : **20** Number of Questions in this Booklet : **60**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of sixty (60) multiple-choice type of questions, out of which the candidate would be required to answer any fifty (50) questions. In the event of the candidate attempting more than fifty questions, the first fifty questions attempted by the Candidate would be evaluated.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the Test Booklet Code should be entered in the OMR Sheet and the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the oval as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** (A) (B) ● (D)
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **Answer Sheet given inside this Booklet, which is common for Paper I and Paper II**. If you mark at any place other than in the ovals in the Answer Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your name or put any mark on any part of the Answer Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet and OMR Answer sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में साठ (60) बहुविकल्पीय प्रश्न हैं, जिनमें से उम्मीदवार को किसी भी पचास (50) प्रश्न का उत्तर देना होगा । उम्मीदवार द्वारा पचास से अधिक प्रश्नों का उत्तर देने पर उम्मीदवार द्वारा दिये गये प्रथम पचास प्रश्नों का मूल्यांकन किया जायेगा ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।
   (iii) इस जाँच के बाद प्रश्न-पुस्तिका का कोड OMR पत्रक पर अंकित करें और OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के दीर्घवृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   उदाहरण : (A) (B) ● (D)
   जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्न-पत्र I और प्रश्न-पत्र II के लिए एक ही उत्तर पत्रक है जो इस प्रश्न पुस्तिका के अन्दर दिया गया है । प्रश्नों के उत्तर केवल उत्तर-पत्रक पर ही अंकित करने हैं । यदि आप उत्तर पत्रक पर दिये गये दीर्घवृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप उत्तर-पुस्तिका पर अपना नाम या ऐसा कोई भी निशान जिससे आपकी पहचान हो सके, किसी भी भाग पर दर्शाते या अंकित करते हैं तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित कर दिये जायेंगे ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर प्रश्न-पुस्तिका एवं OMR उत्तर-पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें ।
10. केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।
11. किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।
12. गलत उत्तरों के लिए कोई अंक काटे नहीं जाएँगे ।

| FOR OFFICE USE ONLY | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| Marks Obtained | | | | | |
| Question Number | Marks Obtained | Question Number | Marks Obtained | Question Number | Marks Obtained |
| 1 | | 21 | | 41 | |
| 2 | | 22 | | 42 | |
| 3 | | 23 | | 43 | |
| 4 | | 24 | | 44 | |
| 5 | | 25 | | 45 | |
| 6 | | 26 | | 46 | |
| 7 | | 27 | | 47 | |
| 8 | | 28 | | 48 | |
| 9 | | 29 | | 49 | |
| 10 | | 30 | | 50 | |
| 11 | | 31 | | 51 | |
| 12 | | 32 | | 52 | |
| 13 | | 33 | | 53 | |
| 14 | | 34 | | 54 | |
| 15 | | 35 | | 55 | |
| 16 | | 36 | | 56 | |
| 17 | | 37 | | 57 | |
| 18 | | 38 | | 58 | |
| 19 | | 39 | | 59 | |
| 20 | | 40 | | 60 | |

Total Marks Obtained (in words) ..........................................

(in figures) ........................................

Signature & Name of the Coordinator ..................................

(Evaluation) Date .........................

## Paper – I
## प्रश्नपत्र – I

**Note :**
- This paper contains **Sixty (60)** multiple choice questions, each question carrying **two (2)** marks.
- Candidate is expected to answer any **Fifty (50)** questions.
- In case more than **Fifty (50)** questions are attempted, only the first **Fifty (50)** questions will be evaluated.

**नोट :**
- इस प्रश्नपत्र में **साठ** (60) बहुविकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो** (2) अंक हैं ।
- अभ्यर्थी को कोई भी **पचास** (50) प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।
- यदि **पचास** (50) से अधिक प्रश्नों के उत्तर दिये तो प्रथम **पचास** (50) प्रश्न ही जाँचे जायेंगे ।

**1.** Which of the following variables cannot be expressed in quantitative terms ?
(A) Socio-economic Status
(B) Marital Status
(C) Numerical Aptitude
(D) Professional Attitude

**2.** A doctor studies the relative effectiveness of two drugs of dengue fever. His research would be classified as
(A) Descriptive Survey
(B) Experimental Research
(C) Case Study
(D) Ethnography

**3.** The term 'phenomenology' is associated with the process of
(A) Qualitative Research
(B) Analysis of Variance
(C) Correlational Study
(D) Probability Sampling

**4.** The 'Sociogram' technique is used to study
(A) Vocational Interest
(B) Professional Competence
(C) Human Relations
(D) Achievement Motivation

**1.** निम्नलिखित चरों में से किसे परिमाणात्मक रूप में अभिव्यक्त नहीं किया जा सकता ?
(A) सामाजिक-आर्थिक स्तर
(B) वैवाहिक स्थिति
(C) संख्यात्मक अभिक्षमता
(D) पेशेवर अभिवृत्ति

**2.** एक चिकित्सक ने डेंगू बुखार की दो औषधियों की सापेक्षिक प्रभावशीलता का अध्ययन किया । उसके शोध को वर्गीकृत किया जाएगा
(A) वर्णनात्मक सर्वेक्षण के रूप में ।
(B) प्रयोगात्मक शोध के रूप में ।
(C) वैयक्तिक अध्ययन के रूप में ।
(D) नृजाति वर्णन के रूप में ।

**3.** दृश्यप्रपंचशास्त्र (फिनॉमिनॉलॉजी) शब्द निम्नलिखित की प्रक्रिया से सम्बन्धित है :
(A) गुणात्मक शोध की
(B) प्रसरण के विश्लेषण की
(C) सहसम्बन्ध के अध्ययन की
(D) संभाविता के प्रतिचयन की

**4.** 'सोसियोग्राम' तकनीक का प्रयोग किया जाता है
(A) व्यावसायिक रुचि के अध्ययन के लिए ।
(B) पेशेवर क्षमता के अध्ययन के लिए ।
(C) मानवीय संबंध के अध्ययन के लिए ।
(D) उपलब्धि प्रेरणा के अध्ययन के लिए ।

Read the following passage carefully and answer questions from **5** to **10** :

It should be remembered that the nationalist movement in India, like all nationalist movements, was essentially a bourgeois movement. It represented the natural historical stage of development, and to consider it or to criticise it as a working-class movement is wrong. Gandhi represented that movement and the Indian masses in relation to that movement to a supreme degree, and he became the voice of Indian people to that extent. The main contribution of Gandhi to India and the Indian masses has been through the powerful movements which he launched through the National Congress. Through nation-wide action he sought to mould the millions, and largely succeeded in doing so, and changing them from a demoralised, timid and hopeless mass, bullied and crushed by every dominant interest, and incapable of resistance, into a people with self-respect and self-reliance, resisting tyranny, and capable of united action and sacrifice for a larger cause.

Gandhi made people think of political and economic issues and every village and every bazaar hummed with argument and debate on the new ideas and hopes that filled the people. That was an amazing psychological change. The time was ripe for it, of course, and circumstances and world conditions worked for this change. But a great leader is necessary to take advantage of circumstances and conditions. Gandhi was that leader, and he released many of the bonds that imprisoned and disabled our minds, and none of us who experienced it can ever forget that great feeling of release and exhilaration that came over the Indian people.

Gandhi has played a revolutionary role in India of the greatest importance because he knew how to make the most of the objective conditions and could reach the heart of the masses, while groups with a more advanced ideology functioned largely in the air because they did not fit in with those conditions and could therefore not evoke any substantial response from the masses.

It is perfectly true that Gandhi, functioning in the nationalist plane, does not think in terms of the conflict of classes, and tries to compose their differences. But the action he has indulged and taught the people has inevitably raised mass consciousness tremendously and made social issues vital. Gandhi and the Congress must be judged by the policies they pursue and the action they indulge in. But behind this, personality counts and colours those policies and activities. In the case of very exceptional person like Gandhi the question of personality becomes especially important in order to understand and appraise him. To us he has represented the spirit and honour of India, the yearning of her sorrowing millions to be rid of their innumerable burdens, and an insult to him by the British Government or others has been an insult to India and her people.

नीचे दिया गया परिच्छेद पढ़िये और परिच्छेद की अपनी समझ के आधार पर आगे नीचे दिये प्रश्नों (**5** से **10**) का उत्तर दीजिये :

यह स्मरण रखना चाहिये कि सभी राष्ट्रवादी आन्दोलनों की तरह से भारत में राष्ट्रवादी आन्दोलन अनिवार्य तौर पर मध्यवर्गीय (बूर्जुआ) आन्दोलन था । यह विकास की स्वाभाविक ऐतिहासिक अवस्था को निरूपित करता है, और इसे श्रमजीवी वर्ग आन्दोलन समझना अथवा ऐसा सोच कर उसकी आलोचना करना गलत है । गांधीजी इस आन्दोलन का, और इस आन्दोलन के सम्बन्ध में भारतीय जनता का प्रतिनिधित्व सर्वोच्च श्रेणी तक करते हैं, और वे उस सीमा तक भारतीय लोगों की आवाज बन गए । भारत और भारतीय जनता के प्रति गांधीजी का मुख्य योगदान उन शक्तिशाली आन्दोलनों, जो कि उन्होंने राष्ट्रीय कांग्रेस के जरिये चलाये, के माध्यम से था । गांधीजी ने राष्ट्रव्यापी कार्रवाई के जरिये करोड़ों लोगों को गढ़ने (अथवा बदल डालने) की चेष्टा की, और उन्हें बदलने में सामान्य तौर पर सफल हुए । वे हतोत्साहित, भीरु और निराश लोगों, भयाभिभूत और प्रत्येक प्रबल हित द्वारा परास्त और विरोध करने में अक्षम लोगों को आत्म-सम्मान युक्त, आत्म-निर्भर, तानाशाही के विरोधी, और संयुक्त कार्रवाई तथा ज्यादा बड़े लक्ष्य के लिये बलिदान करने वाले लोगों में बदलने में काफी हद तक सफल हुए ।

गांधीजी ने लोगों को राजनीतिक और आर्थिक मुद्दों पर सोचने के लिये प्रेरित किया और प्रत्येक गाँव और प्रत्येक बाजार नये विचारों तथा नई आशाओं, जो लोगों में मर गई थीं, पर तर्क एवं बहस के साथ गूँजने लगा । यह सब अद्‌भुत मनोवैज्ञानिक परिवर्तन था । निस्संदेह, इसके लिये समय आ चुका था और परिस्थितियों तथा विश्व की स्थितियों ने इस परिवर्तन के लिये कार्य किया । परन्तु परिस्थितियों तथा स्थितियों का लाभ उठाने के लिये महान नेता आवश्यक है । गांधीजी वो नेता थे, और उन्होंने बहुत से वो बन्धन खोल दिये जिसने हमारे दिमाग को कैद और विकलांग किया हुआ था । हम भारतीय लोगों में जिस किसी ने भी इसका अनुभव किया है वह मुक्ति और उल्लास की उस महान अनुभूति को कभी भी नहीं भुला सकता है ।

गांधीजी ने भारत में अत्यधिक महत्त्वपूर्ण क्रान्तिकारी भूमिका अदा की है, क्योंकि वे जानते थे कि किस प्रकार वस्तुनिष्ठ स्थितियों का सर्वाधिक लाभ उठाया जाए तथा किस प्रकार जनता के दिलों तक पहुँचा जाये । जबकि ज्यादा उन्नत विचारधारा के समूहों ने सामान्यतया हवा में ही कार्य किया, क्योंकि वो उन स्थितियों के साथ ठीक-ठीक तरह से जम नहीं सके और इसलिये जन साधारण में यथेष्ठ प्रतिक्रिया नहीं जागृत कर सके ।

यह पूर्णतया सत्य है कि गांधीजी राष्ट्रवादी स्तर पर कार्य करते रहे और उन्होंने वर्गों के संघर्ष के बारे में नहीं सोचा और उनके आपसी भेदों को शान्त करने की कोशिश की । परन्तु उन्होंने लोगों को जिस कार्य में लगाया और जो शिक्षा दी उसने जनचेतना को अनिवार्यत: आश्चर्यजनक रूप से जगा दिया, और सामाजिक मुद्दों को सजीव बना दिया । गांधीजी और कांग्रेस को उनके द्वारा अपनाई गई नीतियों एवं उनकी कार्यवाही के आधार पर समझना चाहिये । परन्तु इसके पीछे, व्यक्तित्व मायने रखता है और उन नीतियों और गतिविधियों को रंजित करता है । गांधीजी जैसे प्रत्येक असाधारण व्यक्ति के मामले में उन्हें समझने और उसका मूल्यांकन करने के लिये व्यक्तित्व का प्रश्न विशेष रूप से महत्त्वपूर्ण बन जाता है । हमारे लिये वे भारत की आत्मा और प्रतिष्ठा तथा उसके विषादग्रस्त करोड़ों लोगों की अपने अनन्त कष्टों से मुक्त होने की उत्कण्ठा का प्रतिनिधित्व करते हैं, और ब्रिटिश सरकार अथवा अन्य द्वारा उनका अपमान भारत और उसके लोगों का अपमान है ।

5. Which one of the following is true of the given passage ?

(A) The passage is a critique of Gandhi's role in Indian movement for independence.

(B) The passage hails the role of Gandhi in India's freedom movement.

(C) The author is neutral on Gandhi's role in India's freedom movement.

(D) It is an account of Indian National Congress's support to the working-class movement.

6. The change that the Gandhian movement brought among the Indian masses was

(A) Physical

(B) Cultural

(C) Technological

(D) Psychological

7. To consider the nationalist movement or to criticise it as a working-class movement was wrong because it was a

(A) historical movement

(B) voice of the Indian people

(C) bourgeois movement

(D) movement represented by Gandhi

5. प्रदत्त परिच्छेद के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सत्य है ?

(A) परिच्छेद स्वतन्त्रता के लिये भारतीय आन्दोलन में गांधीजी की भूमिका की समीक्षा है ।

(B) परिच्छेद भारत के स्वतन्त्रता आन्दोलन में गांधीजी की भूमिका का अभिवादन करता है ।

(C) लेखक भारत के स्वतन्त्रता आन्दोलन में गांधीजी की भूमिका पर तटस्थ है ।

(D) यह श्रमजीवी वर्ग आन्दोलन के प्रति इंडियन नेशनल कांग्रेस के समर्थन का विवरण है ।

6. गांधीवादी आन्दोलन द्वारा भारतीय जनता में लाए जाने वाले परिवर्तन थे

(A) भौतिक

(B) सांस्कृतिक

(C) प्रौद्योगिकीय

(D) मनोवैज्ञानिक

7. राष्ट्रवादी आन्दोलन को श्रमजीवी वर्ग आन्दोलन समझना और ऐसा समझ कर उसकी आलोचना करना गलत है, क्योंकि यह

(A) ऐतिहासिक आन्दोलन था ।

(B) भारतीय जनता की आवाज था ।

(C) बूर्जुआ (मध्यवर्गीय) आन्दोलन था ।

(D) ऐसा आन्दोलन था जिसका प्रतिनिधित्व गांधीजी ने किया ।

**8.** Gandhi played a revolutionary role in India because he could

(A) preach morality

(B) reach the heart of Indians

(C) see the conflict of classes

(D) lead the Indian National Congress

**9.** Groups with advanced ideology functioned in the air as they did not fit in with

(A) objective conditions of masses

(B) the Gandhian ideology

(C) the class consciousness of the people

(D) the differences among masses

**10.** The author concludes the passage by

(A) criticising the Indian masses

(B) the Gandhian movement

(C) pointing out the importance of the personality of Gandhi

(D) identifying the sorrows of millions of Indians

**8.** गांधीजी ने भारत में क्रान्तिकारी भूमिका अदा की, क्योंकि वे

(A) नैतिकता का प्रचार कर सकते थे ।

(B) भारतीयों के दिलों तक पहुँच सकते थे ।

(C) वर्गों के संघर्ष देख सकते थे ।

(D) भारतीय नेशनल कांग्रेस का नेतृत्व कर सकते थे ।

**9.** उन्नत विचारधारा के समूह हवा में कार्य करते रहे, क्योंकि वे निम्नलिखित के साथ ठीक-ठीक जम नहीं सके :

(A) जनसाधारण की वस्तुनिष्ठ स्थितियाँ

(B) गांधीवादी विचारधारा

(C) लोगों की वर्ग चेतना

(D) जनता के बीच भेद

**10.** लेखक ने परिच्छेद का समापन किया है

(A) भारतीय जनसाधारण की आलोचना कर के

(B) गांधीवादी आन्दोलन द्वारा

(C) गांधीजी के व्यक्तित्व का महत्त्व बता कर

(D) करोड़ों भारतीयों की व्यथा पहचान कर

11. Media that exist in an interconnected series of communication – points are referred to as

(A) Networked media

(B) Connective media

(C) Nodal media

(D) Multimedia

12. The information function of mass communication is described as

(A) diffusion (B) publicity

(C) surveillance (D) diversion

13. An example of asynchronous medium is

(A) Radio (B) Television

(C) Film (D) Newspaper

14. In communication, connotative words are

(A) explicit (B) abstract

(C) simple (D) cultural

15. A message beneath a message is labelled as

(A) embedded text

(B) internal text

(C) inter-text

(D) sub-text

16. In analog mass communication, stories are

(A) static

(B) dynamic

(C) interactive

(D) exploratory

11. संचार की अंतर्सम्बन्धित शृंखला में विद्यमान मीडिया में बिन्दुओं का किस रूप में जिक्र किया जाता है ?

(A) नेटवर्क्ड मीडिया

(B) संयोजी मीडिया

(C) ग्रन्थिल मीडिया

(D) बहु मीडिया

12. जन संचार के सूचना कार्य का वर्णन किस रूप में किया जाता है ?

(A) विसरण (B) प्रचार

(C) निगरानी (D) विचलन

13. अतुल्यकालिक (असिन्क्रोनॅस) माध्यम का उदाहरण कौन सा है ?

(A) रेडियो (B) टेलीविज़न

(C) फिल्म (D) समाचार-पत्र

14. संचार में, गुणार्थक शब्द कौन से हैं ?

(A) सुस्पष्ट (B) अमूर्त

(C) सरल (D) सांस्कृतिक

15. संदेश के नीचे संदेश को क्या नाम दिया जाता है ?

(A) अंत:स्थापित ग्रन्थ

(B) आन्तरिक ग्रन्थ

(C) अंत:ग्रन्थ

(D) उप-ग्रन्थ

16. अनुरूप जन संचार में कहानियाँ

(A) स्थैतिक होती हैं ।

(B) गत्यात्मक होती हैं ।

(C) अन्योन्यक्रियात्मक होती हैं ।

(D) अन्वेषणात्मक होती हैं ।

**17.** Determine the relationship between the pair of words ALWAYS : NEVER and then select from the following pair of words which have a similar relationship :

(A) often : rarely
(B) frequently : occasionally
(C) constantly : frequently
(D) intermittently : casually

**18.** Find the wrong number in the sequence :

52, 51, 48, 43, 34, 27, 16

(A) 27 (B) 34
(C) 43 (D) 48

**19.** In a certain code, PAN is written as 31 and PAR as 35, then PAT is written in the same code as

(A) 30 (B) 37
(C) 39 (D) 41

**20.** The letters in the first set have certain relationship. On the basis of this relationship, make the right choice for the second set :

AF : IK : : LQ : ?

(A) MO (B) NP
(C) OR (D) TV

**21.** If 5472 = 9, 6342 = 6, 7584 = 6, what is 9236 ?

(A) 2 (B) 3
(C) 4 (D) 5

**22.** In an examination, 35% of the total students failed in Hindi, 45% failed in English and 20% in both. The percentage of those who passed in both subjects is

(A) 10 (B) 20
(C) 30 (D) 40

**17.** शब्द युग्म ALWAYS : NEVER में सम्बन्ध को समझो तथा निम्न में से उस शब्द-युग्म को पहचानो जिनमें वही सम्बन्ध हो :

(A) अकसर : विरले
(B) बहुधा : यदा-कदा
(C) सदा : बहुधा
(D) सविराम : यों ही (संयोग से)

**18.** निम्न श्रेणी में त्रुटिपूर्ण संख्या को पहचानो :

52, 51, 48, 43, 34, 27, 16

(A) 27 (B) 34
(C) 43 (D) 48

**19.** एक सांकेतिक प्रणाली में PAN को 31 लिखा जाता है तथा PAR को 35 लिखा जाता है, तो PAT को लिखा जायेगा

(A) 30 (B) 37
(C) 39 (D) 41

**20.** दिये गये पहले अक्षर-युग्मों में एक विशेष सम्बन्ध है । इस सम्बन्ध के आधार पर दूसरे अक्षर-युग्मों के लिए निम्न में से उचित चयन कीजिए :

AF : IK :: LQ : ?

(A) MO (B) NP
(C) OR (D) TV

**21.** यदि 5472 = 9, 6342 = 6, 7584 = 6 है तो 9236 क्या है ?

(A) 2 (B) 3
(C) 4 (D) 5

**22.** एक परीक्षा में कुल में से 35% छात्र हिन्दी में, 45% अंग्रेजी में तथा 20% दोनों में फेल हुए । दोनों विषयों में पास होने वालों का प्रतिशत है

(A) 10 (B) 20
(C) 30 (D) 40

23. Two statements I and II given below are followed by two conclusions (a) and (b). Supposing the statements are true, which of the following conclusions can logically follow ?

**Statements :**

I. Some flowers are red.

II. Some flowers are blue.

**Conclusions :**

(a) Some flowers are neither red nor blue.

(b) Some flowers are both red and blue.

(A) Only (a) follows.
(B) Only (b) follows.
(C) Both (a) and (b) follow.
(D) Neither (a) nor (b) follows.

23. नीचे दिए गए दो कथनों I और II द्वारा दो निष्कर्ष (a) तथा (b) निकाले जा सकते हैं । यह मानते हुए कि दोनों कथन सही हैं, नीचे दिए गए में से कौन सी बात तर्कसंगत है ?

**कथन** : I. कुछ फूल लाल होते हैं ।

II. कुछ फूल नीले होते हैं ।

**निष्कर्ष** : (a) कुछ फूल न तो लाल न ही नीले होते हैं ।

(b) कुछ फूल लाल तथा नीले दोनों रंग के होते हैं ।

(A) केवल (a) तर्कसंगत है ।
(B) केवल (b) तर्कसंगत है ।
(C) (a) तथा (b) दोनों तर्कसंगत हैं ।
(D) (a) तथा (b) दोनों तर्कसंगत नहीं हैं ।

24. If the statement 'all students are intelligent' is true, which of the following statements are false ?

(i) No students are intelligent.
(ii) Some students are intelligent.
(iii) Some students are not intelligent.

(A) (i) and (ii)
(B) (i) and (iii)
(C) (ii) and (iii)
(D) (i) only

24. यदि कथन "सभी छात्र बुद्धिमान हैं" सत्य है, तो निम्न में से कौन से कथन सही नहीं हैं ?

(i) कोई छात्र बुद्धिमान नहीं है ।
(ii) कुछ छात्र बुद्धिमान हैं ।
(iii) कुछ छात्र बुद्धिमान नहीं हैं ।

(A) (i) तथा (ii)
(B) (i) तथा (iii)
(C) (ii) तथा (iii)
(D) केवल (i)

25. A reasoning where we start with certain particular statements and conclude with a universal statement is called

(A) Deductive Reasoning
(B) Inductive Reasoning
(C) Abnormal Reasoning
(D) Transcendental Reasoning

25. ऐसा तर्क जिसमें हम किसी विशिष्ट कथन से प्रारम्भ करके एक सार्वभौमिक कथन के साथ समाप्त करते हैं, को कहते हैं

(A) निगमनिक तर्क
(B) आगमनिक तर्क
(C) असामान्य तर्क
(D) अनुभवातीत तर्क

26. What is the smallest number of ducks that could swim in this formation – two ducks in front of a duck, two ducks behind a duck and a duck between two ducks ?

(A) 5 (B) 7
(C) 4 (D) 3

26. निम्न परिस्थिति में कम से कम कितनी बतखें तैर सकती हैं – एक बतख़ के आगे दो बतख़, एक बतख़ के पीछे दो बतख़ तथा एक बतख़ के आगे तथा पीछे एक-एक बतख़ ?

(A) 5 (B) 7
(C) 4 (D) 3

**27.** Mr. A, Miss B, Mr. C and Miss D are sitting around a table and discussing their trades.

(i) Mr. A sits opposite to the cook.

(ii) Miss B sits right to the barber

(iii) The washerman sits right to the barber

(iv) Miss D sits opposite to Mr. C

What are the trades of A and B ?

(A) Tailor and barber

(B) Barber and cook

(C) Tailor and cook

(D) Tailor and washerman

**28.** Which one of the following methods serve to measure correlation between two variables ?

(A) Scatter Diagram

(B) Frequency Distribution

(C) Two-way table

(D) Coefficient of Rank Correlation

**29.** Which one of the following is not an Internet Service Provider (ISP) ?

(A) MTNL

(B) BSNL

(C) ERNET India

(D) Infotech India Ltd.

**30.** The hexadecimal number system consists of the symbols

(A) 0 – 7

(B) 0 – 9 , A – F

(C) 0 – 7, A – F

(D) None of these

**31.** The binary equivalent of $(-15)_{10}$ is (2's complement system is used)

(A) 11110001

(B) 11110000

(C) 10001111

(D) None of these

**27.** श्रीमान A, मिस B, श्रीमान C और मिस D एक मेज के इर्द-गिर्द बैठे हैं और अपने कारोबार के बारे में चर्चा कर रहे हैं ।

(i) श्रीमान A रसोइये के सामने बैठे हैं ।

(ii) मिस B नाई के दायीं ओर बैठी हैं ।

(iii) धोबी नाई के दाहिने बैठा है ।

(iv) मिस D श्रीमान C के सामने बैठी हैं ।

A और B के व्यवसाय क्या हैं ?

(A) दर्जी और नाई

(B) नाई और रसोइया

(C) दर्जी और रसोइया

(D) दर्जी और धोबी

**28.** दो चरों के बीच सहसम्बन्ध मापने के लिये निम्नलिखित में से कौन सा तरीका काम आता है ?

(A) विकीर्ण आरेख

(B) बारंबारता बंटन

(C) दो-तरफा तालिका

(D) कोटि सहसम्बन्ध का गुणांक

**29.** निम्नलिखित में से कौन सा इंटरनेट सर्विस प्रोवाइडर (ISP) नहीं है ?

(A) MTNL (एम टी एन एल)

(B) BSNL (बी एस एन एल)

(C) एरनेट इंडिया (ई.आर.एन.ई.टी. इंडिया)

(D) इन्फोटेक इंडिया लिमिटेड

**30.** षोडश आधारी अंकन पद्धति में कौन से चिह्न शामिल होते हैं ?

(A) 0 – 7

(B) 0 – 9, A – F

(C) 0 – 7, A – F

(D) कोई भी नहीं

**31.** $(-15)_{10}$ का दोहरा तुल्यमान (2′ की पूरक पद्धति का उपयोग किया है) है

(A) 11110001

(B) 11110000

(C) 10001111

(D) कोई भी नहीं

**32.** 1 GB is equal to

(A) $2^{30}$ bits

(B) $2^{30}$ bytes

(C) $2^{20}$ bits

(D) $2^{20}$ bytes

**33.** The set of computer programs that manage the hardware/software of a computer is called

(A) Compiler system

(B) Operation system

(C) Operating system

(D) None of these

**34.** S/MIME in Internet technology stands for

(A) Secure Multipurpose Internet Mail Extension

(B) Secure Multimedia Internet Mail Extension

(C) Simple Multipurpose Internet Mail Extension

(D) Simple Multimedia Internet Mail Extension

**35.** Which of the following is <u>not</u> covered in 8 missions under the Climate Action Plan of Government of India ?

(A) Solar power

(B) Waste to energy conversion

(C) Afforestation

(D) Nuclear energy

**36.** The concentration of Total Dissolved Solids (TDS) in drinking water should not exceed

(A) 500 mg/L (B) 400 mg/L

(C) 300 mg/L (D) 200 mg/L

**32.** 1 GB बराबर है

(A) $2^{30}$ बिट्स के

(B) $2^{30}$ बाइट्स के

(C) $2^{20}$ बिट्स के

(D) $2^{20}$ बाइट्स के

**33.** कम्प्यूटर के हार्डवेयर/सॉफ्टवेयर को संचालित करने वाले कम्प्यूटर प्रोग्रामों का समुच्चय क्या कहलाता है ?

(A) कॉम्पाइलर सिस्टम

(B) ऑपरेशन सिस्टम

(C) ऑपरेटिंग सिस्टम

(D) कोई भी नहीं

**34.** इंटरनेट प्रौद्योगिकी में S/MIME का तात्पर्य है

(A) सिक्योर मल्टीपरपज़ इंटरनेट मेल एक्सटेंशन

(B) सिक्योर मल्टीमीडिया इंटरनेट मेल एक्सटेंशन

(C) सिम्पल मल्टीपरपज़ इंटरनेट मेल एक्सटेंशन

(D) सिम्पल मल्टीमीडिया इंटरनेट मेल एक्सटेंशन

**35.** भारत सरकार की जलवायु कार्य योजना के अन्तर्गत 8 लक्ष्यों में निम्नलिखित में से कौन सम्मिलित नहीं है ?

(A) सौर शक्ति

(B) अपशिष्ट से ऊर्जा रूपान्तरण

(C) वनीकरण

(D) नाभिकीय ऊर्जा

**36.** पेयजल में कुल द्रवीभूत ठोस पदार्थ का सांद्रण निम्नलिखित से अधिक नहीं होना चाहिए :

(A) 500 mg/L से (B) 400 mg/L से

(C) 300 mg/L से (D) 200 mg/L से

**37.** 'Chipko' movement was first started by

(A) Arundhati Roy
(B) Medha Patkar
(C) Ila Bhatt
(D) Sunderlal Bahuguna

**38.** The constituents of photochemical smog responsible for eye irritation are

(A) $SO_2$ and $O_3$
(B) $SO_2$ and $NO_2$
(C) HCHO and PAN
(D) $SO_2$ and SPM

**39.** **Assertion (A) :** Some carbonaceous aerosols may be carcinogenic.

**Reason (R) :** They may contain polycyclic aromatic hydrocarbons (PAHs).

(A) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are correct but (R) is not the correct explanation of (A).
(C) (A) is correct, but (R) is false.
(D) (A) is false, but (R) is correct.

**40.** Volcanic eruptions affect

(A) atmosphere and hydrosphere
(B) hydrosphere and biosphere
(C) lithosphere, biosphere and atmosphere
(D) lithosphere, hydrosphere and atmosphere

**41.** India's first Defence University is in the State of

(A) Haryana
(B) Andhra Pradesh
(C) Uttar Pradesh
(D) Punjab

**37.** 'चिपको' आन्दोलन सर्वप्रथम आरंभ किया गया था

(A) अरुंधती राय द्वारा
(B) मेधा पाटकर द्वारा
(C) इला भट्ट द्वारा
(D) सुन्दरलाल बहुगुणा द्वारा

**38.** आँख में जलन के लिये उत्तरदायी प्रकाश रसायन (फोटोकेमिकल) युक्त धूम-कोहरे के घटक हैं

(A) $SO_2$ एवं $O_3$
(B) $SO_2$ एवं $NO_2$
(C) HCHO एवं PAN
(D) $SO_2$ एवं SPM

**39.** **कथन (A)** : कुछ कार्बनिक एयरोसॉल कैन्सरजन (कार्सिनजेन) हो सकते हैं ।

**कारण (R)** : उनमें बहुचक्रीय एरोमेटिक हाइड्रोकार्बन हो सकते हैं ।

(A) (A) तथा (R) दोनों सही हैं एवं (R), (A) की सही व्याख्या है ।
(B) (A) तथा (R) दोनों सही हैं, परंतु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।
(C) (A) सही है, परंतु (R) गलत है ।
(D) (A) गलत है, परंतु (R) सही है ।

**40.** ज्वालामुखी उद्गार प्रभावित करते हैं

(A) वायुमण्डल एवं जलमण्डल को
(B) जलमण्डल एवं जैवमण्डल को
(C) स्थलमण्डल, जैवमण्डल एवं वायुमण्डल को
(D) स्थलमण्डल, जलमण्डल एवं वायुमण्डल को

**41.** भारत का सबसे पहला प्रतिरक्षा विश्वविद्यालय किस राज्य में है ?

(A) हरियाणा
(B) आन्ध्र प्रदेश
(C) उत्तर प्रदेश
(D) पंजाब

**42.** Most of the Universities in India
(A) conduct teaching and research only
(B) affiliate colleges and conduct examinations
(C) conduct teaching/research and examinations
(D) promote research only

**43.** Which one of the following is not a Constitutional Body ?
(A) Election Commission
(B) Finance Commission
(C) Union Public Service Commission
(D) Planning Commission

**44.** Which one of the following statements is not correct ?
(A) Indian Parliament is supreme.
(B) The Supreme Court of India has the power of judicial review.
(C) There is a division of powers between the Centre and the States.
(D) There is a Council of Ministers to aid and advise the President.

**45.** Which one of the following statements reflects the republic character of Indian democracy ?
(A) Written Constitution
(B) No State religion
(C) Devolution of power to local Government institutions
(D) Elected President and directly or indirectly elected Parliament

**46.** Who among the following appointed by the Governor can be removed by only the President of India ?
(A) Chief Minister of a State
(B) A member of the State Public Service Commission
(C) Advocate-General
(D) Vice-Chancellor of a State University

**42.** भारत में अधिकतर विश्वविद्यालय
(A) केवल शिक्षण तथा शोधकार्य करते हैं ।
(B) महाविद्यालयों को सम्बद्ध करते हैं तथा परीक्षा कराते हैं ।
(C) शिक्षण/शोध करते हैं तथा परीक्षा कराते हैं ।
(D) केवल शोध को प्रोत्साहन देते हैं ।

**43.** निम्न में से कौन सी संवैधानिक संस्था नहीं है ?
(A) निर्वाचन आयोग
(B) वित्त आयोग
(C) संघ लोक सेवा आयोग
(D) योजना आयोग


**44.** निम्न में से कौन सा एक कथन सत्य नहीं है ?
(A) भारत में संसद सर्वोपरि है ।
(B) भारत के सर्वोच्च न्यायालय को न्यायिक जाँच का अधिकार है ।
(C) केन्द्र तथा राज्यों में शक्तियों का बंटवारा है ।
(D) राष्ट्रपति को सलाह देने के लिए मंत्रि परिषद है ।

**45.** निम्न में से कौन सा कथन भारतीय लोकतंत्र के गणतान्त्रिक स्वरूप को दर्शाता है ?
(A) लिखित संविधान ।
(B) राज्य का कोई धर्म नहीं ।
(C) स्थानीय निकायों को शक्तियों का स्थानान्तरण ।
(D) चयनित राष्ट्रपति तथा सीधे या परोक्ष रूप से चयनित संसद ।

**46.** राज्यपाल द्वारा नियुक्त निम्न में से किसको केवल राष्ट्रपति द्वारा हटाया जा सकता है ?
(A) राज्य का मुख्यमंत्री
(B) राजकीय लोक सेवा आयोग का सदस्य
(C) एडवोकेट जनरल
(D) राज्य विश्वविद्यालय का कुलपति

## Not For Visually Handicapped Candidates

**47.** If two small circles represent the class of the 'men' and the class of the 'plants' and the big circle represents 'mortality', which one of the following figures represent the proposition 'All men are mortal.' ?

(A)  (B) 

(C)  (D) 

The following table presents the production of electronic items (TVs and LCDs) in a factory during the period from 2006 to 2010. Study the table carefully and answer the questions from **48** to **52 :**

| **Year** | 2006 | 2007 | 2008 | 2009 | 2010 |
|---|---|---|---|---|---|
| **TVs** | 6000 | 9000 | 13000 | 11000 | 8000 |
| **LCDs** | 7000 | 9400 | 9000 | 10000 | 12000 |

**48.** In which year, the total production of electronic items is maximum ?

(A) 2006 (B) 2007
(C) 2008 (D) 2010

**49.** What is the difference between averages of production of LCDs and TVs from 2006 to 2008 ?

(A) 3000 (B) 2867
(C) 3015 (D) 2400

**50.** What is the year in which production of TVs is half the production of LCDs in the year 2010 ?

(A) 2007 (B) 2006
(C) 2009 (D) 2008

**51.** What is the ratio of production of LCDs in the years 2008 and 2010 ?


(A) 4 : 3 (B) 3 : 4
(C) 1 : 3 (D) 2 : 3

**52.** What is the ratio of production of TVs in the years 2006 and 2007 ?

(A) 6 : 7 (B) 7 : 6
(C) 2 : 3 (D) 3 : 2

## दृष्टि विकलांग अभ्यर्थियों के लिए नहीं

**47.** यदि दो छोटे वृत्त क्रमशः 'पुरुष वर्ग' तथा 'वनस्पति वर्ग' को प्रदर्शित करें तथा एक बड़ा वृत्त 'मृत्यु' (नश्वर) को प्रदर्शित करे, तो निम्न में से कौन सा चित्र यह प्रदर्शित करता है कि "सभी पुरुष नश्वर हैं" ?

(A)  (B) 

(C)  (D) 

निम्नलिखित तालिका में इलेक्ट्रॉनिक वस्तुएँ बनाने वाली एक फैक्ट्री द्वारा टी.वी. तथा एल.सी.डी. के उत्पादन का वर्ष 2006 से 2010 तक का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया है । तालिका को ध्यान से पढ़िये तथा प्रश्नों **48** से **52** तक के उत्तर दीजिए :

| वर्ष | 2006 | 2007 | 2008 | 2009 | 2010 |
|---|---|---|---|---|---|
| टी.वी. | 6000 | 9000 | 13000 | 11000 | 8000 |
| एल.सी.डी. | 7000 | 9400 | 9000 | 10000 | 12000 |

**48.** किस वर्ष में इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं का उत्पादन सबसे अधिक रहा ?

(A) 2006 (B) 2007
(C) 2008 (D) 2010

**49.** वर्ष 2006 से 2008 तक टी.वी. तथा एल.सी.डी. के उत्पादन के मध्यमानों का अन्तर क्या है ?

(A) 3000 (B) 2867
(C) 3015 (D) 2400

**50.** वह कौन सा वर्ष है जिसमें टेलीविज़न का उत्पादन 2010 में उत्पादित एल.सी.डी. के उत्पादन का आधा हुआ ?

(A) 2007 (B) 2006
(C) 2009 (D) 2008

**51.** 2008 एवं 2010 में एल.सी.डी. उत्पादन का अनुपात क्या है ?

(A) 4 : 3 (B) 3 : 4
(C) 1 : 3 (D) 2 : 3

**52.** 2006 एवं 2007 में टेलीविज़न उत्पादन का अनुपात क्या है ?

(A) 6 : 7 (B) 7 : 6
(C) 2 : 3 (D) 3 : 2

## FOR VISUALLY HANDICAPPED CANDIDATES ONLY

Read the following passage carefully and answer the questions from **47** to **52**.

[This is from the address delivered by Swami Vivekananda at the World's Parliament of Religions, Chicago (on 11th September 1893)].

My thanks to some of the speakers on this platform who, referring to the delegates from the orient, have told you that these men from far-off nations may well claim the honour of bearing to different lands the idea of toleration.

I am proud to belong to a religion which has taught the world both tolerance and universal acceptance. We believe not only in universal toleration, but we accept all religions as true. I am proud to belong to a nation which has sheltered the persecuted and the refugees of all religions and all nations of the earth. I am proud to tell you that we have gathered in our bosom the purest remnant of the Israelites who came to Southern India and took refuge with us in the very year in which their holy temple was shattered to pieces by Roman tyranny. I am proud to belong to the religion which has sheltered and is still fostering the remnant of the grand Zoroastrian nation. I will quote to you, brethern, a few lines from a hymn which I remember to have repeated from my earliest boyhood, which is every day repeated by millions of human beings : "As the different streams having their sources in different places all mingle their water in the sea, so, O Lord, the different paths which men take through different tendencies, various though they appear, crooked or straight, all lead to thee".

The present convention, which is one of the most august assemblies ever held, is in itself a vindication, a declaration to the world of the wonderful doctrine preached in the Gita : "Whosoever comes to me, through whatsoever form, I reach him; all men are struggling through paths which in the end lead to Me." Sectarianism, bigotry, and its terrible descendant, fanaticism, have long possessed this beautiful earth. They have filled the earth with violence, drenched it often and often with human blood, destroyed civilisation and sent whole nations to despair. Had it not been for these horrible demons, human society would be far more advanced than it is now. But their time is come: and I fervently hope that the bell that tolled this morning in honour of this convention may be the death-knell of all fanaticism, of all persecutions with the sword or with the pen, and of all uncharitable feelings between persons wending their way to the same goal.

**47.** Swami Vivekananda said his religion accepted all religions as
(A) from far-off nations (B) of different classes
(C) true (D) of several sects

**48.** The purest remnant of the Israelites took refuge in
(A) Rome (B) the United States
(C) Southern India (D) Zoroastrian nation

**49.** The different paths of men, though various in appearance, crooked or straight, lead to
(A) universal toleration (B) the Lord
(C) sheltering the persecuted (D) universal acceptance

**50.** Swami Vivekananda quoted a declaration to the world from
(A) the Bible (B) the Gita
(C) the welcome speech (D) the Hindu doctrine

**51.** The human society would have been more advanced had it not been for
(A) delegates from the Orient
(B) those horrible demons
(C) the universal toleration
(D) the Roman tyranny

**52.** The passage concludes with a hope that the convention would sound the end of
(A) different ideas (B) toleration of others
(C) all persecutions (D) charitable feelings

## केवल दृष्टि विकलांग अभ्यर्थियों के लिये

नीचे दिया गया परिच्छेद ध्यानपूर्वक पढ़िए और नीचे दिये गये प्रश्नों (**47** से **52**) का उत्तर दीजिए :

[यह 'वर्ल्ड'स् पार्लियामेंट ऑफ रिलीजनस्', शिकागो (11 सितम्बर, 1893) में स्वामी विवेकानंद द्वारा दिये गये भाषण से है ।]

इस मंच पर कुछ वक्ताओं को मेरा धन्यवाद, जिन्होंने (प्राच्य राष्ट्रों (ओरियेंट) से प्रतिनिधियों की ओर संकेत करते हुए) आपको कहा है कि दूरस्थ राष्ट्रों से यह सब व्यक्ति जो भिन्न स्थानों से आए हैं सहनशीलता के विचार के लिये सम्मान का दावा कर सकते हैं ।

मुझे ऐसे धर्म से होने का गर्व है जिसने विश्व को सहनशीलता तथा सार्वत्रिक स्वीकरण दोनों का पाठ सिखाया है । हम न केवल सार्वत्रिक सहनशीलता में विश्वास करते हैं परन्तु हम सभी धर्मों को सत्य मान कर स्वीकार करते हैं । मुझे ऐसे राष्ट्र से होने का गर्व है जिसने सभी धर्मों से उत्पीड़ितों और शरणार्थियों को और पृथ्वी के सभी राष्ट्रों को आश्रय दिया । मुझे आपको यह बताने में गर्व है कि हमने उन इज़राइलियों, जो दक्षिणी भारत में आये और उसी वर्ष जिस वर्ष उनका पवित्र मन्दिर रोमन तानाशाही द्वारा ध्वंस कर दिया गया था, हमारे साथ आश्रय लिया, के सर्वाधिक पवित्र अवशेषों को हमने अपने हृदय में संजो लिया है । मुझे उस धर्म से होने पर गर्व है जिसने महान पारसी राष्ट्र के अवशेषों को आश्रय दिया और अभी भी उन्हें पोषित कर रहा है । भाइयों, मैं आपको एक गीत से कुछ पंक्तियाँ सुनाता हूँ जिसे मैं अपने प्रारम्भिक बाल्यकाल में दोहराया करता था, और जो करोड़ों लोगों द्वारा प्रतिदिन गाई जाती है : "जिस प्रकार भिन्न धाराएँ जिनके स्रोत भिन्न स्थानों में हैं अपना जल समुद्र में मिलाती हैं, इसी तरह, हे प्रभु, भिन्न प्रवृत्तियों से लोग जो भिन्न रास्ता अपनाते हैं, वह विविध, टेढ़ा या सीधा लगता है परन्तु सभी तुम तक पहुँचाते हैं ।"

वर्तमान सम्मेलन, जो अब तक आयोजित भव्य सभाओं में से एक है, स्वयं में समर्थन है, गीता में उपदेश दिये गये अद्‌भुत मत की विश्व को उद्‌घोषणा है : "जो कोई भी जिस किसी रूप में मेरे पास आता है, मैं उसे अपनाता हूँ ; सभी व्यक्ति भिन्न पथों के जरिये संघर्ष कर रहे हैं जो अन्त में मुझ तक ही आते हैं ।" साम्प्रदायिकता, कट्टरता, और उसका भयानक वंशज धर्मान्धता ने लम्बे समय तक इस सुन्दर पृथ्वी पर कब्जा किया है । उन्होंने पृथ्वी को हिंसा से भर दिया है, उसे बार-बार मानव रक्त से भिगोया है, सभ्यता को नष्ट किया है और सम्पूर्ण राष्ट्रों को निराशा की ओर धकेला है । यदि यह 'भयानक राक्षस' न होते तो मानवीय समाज जो अब है उससे कहीं ज्यादा उन्नत होता । परन्तु उनका समय आ गया है : और मैं उत्साह के साथ आशा करता हूँ कि जो घंटी आज सुबह इस सम्मेलन के सम्मान में बजी थी वह समस्त धर्मान्धताओं की मृत्यु की घंटी हो, तलवार या कलम के साथ समस्त उत्पीड़न की मृत्यु, और एक ही लक्ष्य की ओर बढ़ रहे व्यक्तियों के बीच सभी अनपरोपकारी संवेदनाओं की मृत्यु की घंटी हो ।

**47.** स्वामी विवेकानंद ने कहा कि उसका धर्म सभी धर्मों को निम्नलिखित मान कर स्वीकार करता है :
(A) दूरस्थ राष्ट्रों से धर्म
(B) भिन्न वर्गों का धर्म
(C) सत्य धर्म
(D) बहुत से पंथों का धर्म

**48.** इज़राइलियों के सर्वाधिक पवित्र अवशेषों ने कहाँ शरण ली ?
(A) रोम
(B) यूनाइटेड स्टेट्स
(C) दक्षिणी भारत
(D) पारसी राष्ट्र (ज़रदुश्त राष्ट्र)

**49.** मानव के भिन्न रास्ते, शक्ल में विविध, टेढ़े या सीधे हों, प्रदान करते हैं
(A) सार्वत्रिक सहनशीलता
(B) प्रभु के पास
(C) उत्पीड़ितों को आश्रय
(D) सार्वत्रिक स्वीकृति

**50.** स्वामी विवेकानंद ने विश्व को घोषणा कहाँ से उद्‌धृत की ?
(A) बाइबिल
(B) गीता
(C) अभिनन्दन भाषण
(D) हिन्दू मत

**51.** मानवीय समाज ज्यादा उन्नत होता यदि निम्नलिखित नहीं होता :
(A) प्राच्य (ओरियेंट) राष्ट्रों से प्रतिनिधि
(B) भयानक राक्षस
(C) सार्वत्रिक सहनशीलता
(D) रोमन तानाशाही

**52.** परिच्छेद इस आशा के साथ समाप्त होता है कि सम्मेलन निम्नलिखित के अन्त का शुभारम्भ करेगा :
(A) भिन्न विचार
(B) अन्य के प्रति सहनशीलता
(C) तमाम उत्पीड़न
(D) परोपकारी संवेदनाएँ

**53.** Some students in a class exhibit great curiosity for learning. It may be because such children

(A) Are gifted

(B) Come from rich families

(C) Show artificial behaviour

(D) Create indiscipline in the class

**54.** The most important quality of a good teacher is

(A) Sound knowledge of subject matter

(B) Good communication skills

(C) Concern for students' welfare

(D) Effective leadership qualities

**55.** Which one of the following is appropriate in respect of teacher-student relationship ?

(A) Very informal and intimate

(B) Limited to classroom only

(C) Cordial and respectful

(D) Indifferent

**56.** The academic performance of students can be improved if parents are encouraged to

(A) supervise the work of their wards

(B) arrange for extra tuition

(C) remain unconcerned about it

(D) interact with teachers frequently

**53.** कक्षा में कुछ छात्र बहुत अधिक अधिगम-जिज्ञासा प्रदर्शित करते हैं । यह इसलिए हो सकता है कि छात्र

(A) प्रतिभाशाली हैं ।

(B) धनी परिवारों के हैं ।

(C) बनावटी व्यवहार करते हैं ।

(D) कक्षा में उद्दण्डता पैदा करना चाहते हैं ।

**54.** एक अध्यापक की सबसे महत्त्वपूर्ण विशेषता है

(A) विषय का गूढ़ ज्ञान ।

(B) अच्छी सम्प्रेषण क्षमता ।

(C) छात्र-कल्याण की चिन्ता ।

(D) प्रभावी नेतृत्व के गुण ।

**55.** शिक्षक-छात्र सम्बन्धों के सन्दर्भ में निम्न में से कौन सी बात सही है ?

(A) बहुत अनौपचारिक तथा निकट

(B) कक्षा-कक्ष तक सीमित

(C) सद्भावपूर्ण तथा सम्मानपूर्ण

(D) उदासीन

**56.** छात्रों की शैक्षिक निष्पत्ति में सुधार लाया जा सकता है यदि उनके माँ-बाप को प्रेरित किया जाये

(A) अपने बालकों के कार्य के निरीक्षण के लिए ।

(B) अतिरिक्त ट्यूशन की व्यवस्था करें ।

(C) इसके बारे में चिन्ता न करें ।

(D) बार-बार अध्यापक के साथ अंत:क्रिया करें ।

57. In a lively classroom situation, there is likely to be

(A) occasional roars of laughter

(B) complete silence

(C) frequent teacher-student dialogue

(D) loud discussion among students

58. If a parent approaches the teacher to do some favour to his/her ward in the examination, the teacher should

(A) try to help him

(B) ask him not to talk in those terms

(C) refuse politely and firmly

(D) ask him rudely to go away

59. Which of the following phrases is not relevant to describe the meaning of research as a process ?

(A) Systematic Activity

(B) Objective Observation

(C) Trial and Error

(D) Problem Solving

60. Which of the following is not an example of a continuous variable ?

(A) Family size

(B) Intelligence

(C) Height

(D) Attitude

57. एक सजीव कक्षा की स्थिति में यह हो सकता है कि

(A) समय-समय पर हँसी के फव्वारे उड़ें ।

(B) सम्पूर्ण शान्ति रहे ।

(C) बार-बार छात्र-शिक्षक वार्तालाप हो ।

(D) छात्रों में जोर-जोर से वाद-विवाद हो ।

58. यदि कोई अभिभावक अपने बालक की परीक्षा में किसी प्रकार का भेदभाव अथवा पक्षपात करने के लिए कहे, तो अध्यापक को चाहिए कि

(A) उसकी सहायता करने का प्रयत्न करे ।

(B) उससे कहे कि वह फिर कभी ऐसा न कहे ।

(C) नम्रता तथा दृढ़ता के साथ ऐसा करने से मना करे ।

(D) कठोरता से उसे वहाँ से चले जाने के लिए कहे ।

59. एक प्रक्रिया के रूप में शोध का अर्थ स्पष्ट करने के लिए निम्नलिखित सूक्तियों में से कौन सी प्रासंगिक नहीं है ?

(A) क्रमबद्ध क्रिया

(B) वस्तुनिष्ठ अवलोकन

(C) प्रयोग एवं त्रुटि

(D) समस्या समाधान

60. निम्नलिखित में से कौन एक सतत चर का उदाहरण नहीं है ?

(A) परिवार का आकार

(B) प्रज्ञा (बुद्धि)

(C) ऊँचाई

(D) भाव